सार-समाचार

## पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले के राउमावि पीपलादा में गुरुवार को भीषण गर्मी के मद्देनजर शिक्षकों द्वारा पक्षियों के दाना-पानी के लिए परिंडे बांधे गए। प्राचार्य प्रज्ञा चौबीसा ने बताया कि गर्मी आरंभ होने से बेजुबान पशु और पक्षियों के लिए पानी की विकट समस्या को देखते हुए उनके लिए उचित व्यवस्था हो इसके लिए विद्यालय में पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए। इस दौरान उन्होंने सभी शिक्षकों से आव्हान किया कि वे सभी अपने अपने क्षेत्रों में पशु और पक्षियों के लिए दाना पानी की उचित व्यवस्था करें। ताकि पानी की कमी के कारण पशु-पक्षी इधर-उधर ना भटकें। इससे बडा पुण्य का कार्य और कोई नहीं हो सकता। साथ ही शिक्षक का यह सामाजिक दायित्व भी है। इस दौरान नारायणलाल यादव, दिव्या चौबीसा, हगरमलाल कटारा, हरिप्रकाश ननोमा, भेरूलाल कटारा, मावजी भाई, भावना बरंडा, संतोष कलाल, जशोदा बरंडा, मेहुल कुम्हार सहित अन्य मौजूद रहें।

## वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने शुक्रवार को महिला अधिकारिता विभाग की ओर से डूंगरपुर जिला मुख्यालय पर संचालित वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्र) का निरीक्षण किया। जिला कलक्टर ने वन स्टॉप सेंटर पर पंजीकृत प्रकरणों, काउंसलिंग की प्रक्रिया, महिला सुरक्षा के लिए किए जा रहे नवाचार, घरेलू हिंसा के प्रकरणों की प्रगति और केंद्र की ओर से प्रदान की जा रही सुविधाओं आदि के बारे में जानकारी ली। जिले में घरेलू हिंसा और महिला अत्याचार के प्रकरणों के निस्तारण में वन स्टॉप केंद्र की भूमिका की जानकारी लेते हुए केंद्र प्रबंधक प्रियंका कटारा से फॉलोअप कॉल करवाया। इस दौरान जिला कलक्टर ने पूरी प्रक्रिया को समझा। महिला अधिकारिता विभाग, डूंगरपुर के सहायक निदेशक मोतीलाल मीणा ने बताया कि वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से पीडित महिलाओं को चिकित्सा, विधिक, पुलिस, परामर्श एवं आश्रय की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। महिलाओं की सहायता के लिए डूंगरपुर शहर में पाटीदार छात्रावास के पास, सीडीपीओ कार्यालय परिसर में वन स्टॉप सेंटर पर चौबीस घंटे, सातों दिन हेल्पडेस्क संचालित की जाती है, जिसके दूरभाष नंबर ०2964-294841 है। उन्होंने बताया कि डूंगरपुर जिले में अप्रेल माह में घरेलू हिंसा के 8 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 6 प्रकरणों का निस्तारण कर दिया गया।

## विद्युत पोल को हटाने की मांग

**डूंगरपुर**, (निसं)। शहर के घाटी क्षेत्र स्थित खाडिया मुख्य मार्ग निकट नुक्कड पर लगे विद्युत पोल में करंट की घटना से एक नौजवान की गत दिनों हुई मौत के बाद भी प्रशासन अब भी कुंभकर्ण की नींद में सो रहा है। क्षेत्रवासियो ने बताया कि उक्त विद्युत पोल पर घटना के बाद से करंट का प्रभाव बना हुआ है। क्षेत्र के वाशिंदो ने विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियंता व अन्य कार्मिक हाल ही दौड रहे करंट की जानकारी देने के बावजूद विभाग के कार्मिक आकर इतिश्री ही करते है। जब कि विभाग के कार्मिक आकर ठीक कर जाते है, उसके कुछ ही देर बाद पुनः करंट के झटको से कभी कोई जानवर, कभी कम्पन देखा जा रहा है। जब विभाग के कार्मिक फॉल्ट ढूंढ कर ठीक करते और कुछ ही देर बाद पुनः करंट का दौडने लगता है। आश्चर्य की बात है कि विभाग की गाडी रोजाना दौड लगा भी रही है, किन्तु कोई स्थाई समाधान के अभाव में मोहल्लेवासी परेशान है। क्षेत्र के लोगों ने विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों व जिला प्रशासन से मांग की है कि उक्त विद्युत खम्भें को तत्काल प्रभाव से हटाया जाये अन्यथा प्रशासन दूसरे बडी खबर के लिए इंजतार कर सकता है।

## ट्रेन की चपेट से किशोर की मौत

**डूंगरपुर**, (निसं)। सदर थाना क्षेत्र के धाणी रेलवे पटरी पर आज दोपहर को ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार माथुगामडा खास रेलडा फला निवासी महेन्द्र पुत्र दिनेश कुमार कटारा जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नही थी। शुक्रवार दोपहर वह घर से निकल कर धाणी रेलवे पटरी तरफ गया तथा वहां से रेलवे पटरी पर चला गया। इस दौरान अचानक चित्तौडगढ से असारवा जा रही डेमू ट्रेन पटरी पर गुजरी तथा महेन्द्र ट्रेन की चपेट में आ गया। इससे उसके शरीर,हाथ,पैर तथा सीने में गंभीर चोटे पहुंचने से उसकी मौत हो गई। घटना के समय महेन्द्र का पिता दिनेश कटारा मजदूरी के लिए डूंगरपुर शहर आया हुआ था। सूचना पर वह मौके पर पहुंचा तथा अपने पुत्र को मृत पडा देख बिलख पडा। सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक का शव जिला अस्पताल के मुर्दाघर पहुंचाया।

## पदयात्रा आज

**भीण्डर**, (निसं)।भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के तहत 4 मई शनिवार को भीण्डर से अडिंदा के लिए दोपहर 2 बजे पदयात्रियों का जत्था रवाना होगा। आदिनाथ युवा मण्डल के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली पदयात्रा का ये 9 वां वर्ष है। भीण्डर के आदिनाथ दिगंबर जैन बडा मंदिर से दोपहर 2 बजे पदयात्रा शुरू होगी। जिसके बाद पदयात्रा रावलीपोल, सदर बाजार, चावडा चौक, मोचीवाडा, रामपोल बस स्टेण्ड होते हुए बांसडा, अमरपुरा, खेरोदा, ओनार सिंह जी की भागल होते हुए रात्रि में अडिंदा पहुंचेगी। यहां भगवान पार्श्वनाथ मन्दिर के दर्शन करके पदयात्रा पूर्ण होगी। पदयात्रा में सैकडों श्रावक-श्राविकाएं शामिल होंगे।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक

**बांसवाड़ा**, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की जिला बैठक प्रदेश कार्यकारणी के निर्देशानुसार रविवार प्रातरू 11 बजे तलवाडा में गणेश मंदिर के पास दर्जियों के नोहरे में आयोजित की जाएगी। जिला संयोजक दिनेश मईडा ने बताया कि प्रदेश से नियुक्त प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. ऋषिन चौबीसा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

# विधायक घोघरा ने अस्पताल में गंदगी देख जताई नाराजगी

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले के सबसे बड़े मेडिकल कोलेज के जिला अस्पताल में अव्यवस्थाओं के अंबार के चलते जहां समूचा जिला आज विभागीय कार्यप्रणाली को कोस रहा है वहीं मरीजों को दी जाने वाली दवाओं के भी वैधता पार होने को लेकर आखिरकार डूंगरपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक गणेश घोगरा ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल का निरीक्षण किया।

शुक्रवार को विधायक ने जिला अस्पताल का दौरा कर चिकित्सालय में भर्ती मरीजों से पूछताछ कर हाल जाना वहीं मरीजों एवं लोगों ने विधायक को

- एक्सपायरी दवा देने के मामले में जांच के निर्देश
- दवा देने वाले संविदा कर्मी की सेवाएं समाप्त, मरीजों का जाना हाल



जिला अस्पताल में मरीजों की रिपोर्ट देख डॉक्टर से जानकारी लेते विधायक घोघरा।

अस्पताल की गंभीर समस्याओं को बतलाया। वही खबर प्रकाशन के बाद जिला अस्पताल प्रबंधन ने एक दिन पूर्व एक गर्भवती महिला को वैधता पार दवा देने वाले दवा केन्द्र के वितरक की सेवाएं भी समाप्त कर दी हैं। लोगों ने अपना दुखड़ा विधायक को बताते हुये अस्पताल के वार्डों में 4 दिन में बैडशीट बदलने, बाहर से दवा मंगवाने और जांचें करवाने की शिकायतों पर नाराजगी जताई। विधायक ने अस्पताल प्रशासन से व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

विधायक गणेश घोघरा ने डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के जिला अस्पताल के अंतर्गत मातृ एवं शिशु अस्पताल, ओपीडी, महिला एवं पुरुष वार्ड, दवा वितरण केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वार्डों में गंदगी देखने को मिली। जिस पर विधायक ने नाराजगी जताई और सफाई के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक घोघरा ने वार्डों में भर्ती मरीजों से बात कर उनका हाल जाना। वहीं सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों ने चार-चार दिन तक बैडशीट नहीं बदलने, अधिकतर दवाएं बाहर से मंगवाने और जांचें बाहर से करवाने की शिकायत की।

विधायक ने दवा केंद्र पर गुरुवार को एक मरीज को एक्सपायरी दवा देने की शिकायत पर नाराजगी जताई। जिला अस्पताल के उप नियंत्रक डॉ. महेंद्र परमार से एक्सपायरी दवा के वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बताया कि जिस कार्मिक ने दवा दी थी, उस संविदा कर्मी की सेवाएं समाप्त कर दी हैं। इस दौरान विधायक ने एक्सपायरी दवाओं के वितरण में मिलीभगत के आरोप लगाते हुए मामले की जांच की मांग की। वहीं इस मौके पर बाहर से दवा और जांच करवाने के मामले में विधायक ने अस्पताल प्रशासन को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए।

# शिविर का किया निरीक्षण

**बांसवाड़ा**, (निसं)। जिले में केन्द्रीय प्रवर्तित योजना अन्तर्गत मोबाईल वेटेनरी यूनिट के माध्यम से पशुपालकों के पशुओं को स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधा प्रदान की जा रही है। विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. विजय सिंह भाटी ने बागीदौरा एवं कलिंजरा क्षेत्र में संचालित मोबाईल वेटेनरी यूनिट द्वारा पशु चिकित्सा विहीन ग्राम जिबेला आम्बा एवं सग्रामपुरा में आयोजित शिविर का आकस्मिक निरीक्षण किया।

डॉ. भाटी ने निरीक्षण के दौरान ग्राम जिबेला आम्बा मोबाईल वेटेनरी यूनिट के शिविर प्रभारी भरत रावल पशुधन सहायक ने प्रगति एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकरी दी। इस दौरान सग्रामपुरा शिविर का भी आकस्मिक निरीक्षण किया गया। शिविर प्रभारी डॉ. जयन्तिलाल भुरिया ने कहा कि मोबाईल वेटेनरी यूनिट द्वारा प्रतिदिन 2 ग्रामों में शिविरों के माध्यम से पशुचिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जाती है। इस अवसर पर डॉ. भाटी ने शिविर में पशुपालको को मिनरल मिश्चर पॉउडर प्रदान किया। डॉ. भाटी ने मोबाईल वेटेनरी यूनिट प्रभारियों को शिविर से पुर्व पशुपालको को शिविर आयोजन की जानकारी देने के लिए प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। डॉ. भाटी ने पशु चिकित्सालय वडलीपाडा एवं पशु चिकित्सा उपकेन्द्र बांसला का अवलोकन करते हुए विभागीय योजनाओं एवं सम्पादित कार्यो के रजिस्टरों का नियमित संधारण, प्रवास के दौरान नोटिस बोर्ड पर प्रवास पर जाने का कारण एवं समय, साफ-सफाई तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एन्डोमिक चार्ट बनाकर टीकाकरण कार्य योजना बनाने के निर्देश दिये।

## विमंदित पुनर्वास गृह में वस्त्र बांटे

**बांसवाड़ा**, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल माही वीरा केंद्र की ओर से कालिका माता मार्ग स्थित विमंदित पुनर्वास गृह में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष दिलीप रोकडिया की अध्यक्षता में बच्चों में वस्त्र वितरित किये गये। केंद्र की संरक्षक आशा मित्तल और सचिव गीता चौधरी के सौजन्य से 7० बच्चों में टीशर्ट, लोअर और फल वितरित किए गये। केंद्र अध्यक्ष भुवनेश्वरी मालोत ने हास्यासन, ताली योग के माध्यम से ऊर्जा का संचार करते हुए बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

## चित्तौड़गढ़ जिले में प्रथम स्थान

**कपासन**,(निसं)। शिक्षा विभाग के राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा समस्त जिलों एवं राज्य स्तरीय रैंकिंग में माह अप्रैल 2024 के लिए जारी सूची में कपासन ब्लॉक ने राज्य स्तर पर 53.67 अंक प्राप्त कर राजस्थान में राज्य स्तर पर सातवां स्थान और चित्तौड़गढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ राम सिंह चुंडावत के अनुसार राज्य स्तर पर विभागीय क्रियाकलापों के आधार पर मानदंड तय किए गए हैं, जिनके आधार पर अंक प्रदान किए जाते हैं ।माह अप्रैल 2024 के लिए जारी रैंकिग में स्थानीय ब्लॉक ने इंस्पायर अवार्ड, इंदिरा प्रियदर्शिनी अवार्ड, गार्गी पुरस्कार, विज्ञान प्रदर्शनी, सांस्कृतिक एवं कला उत्सव, एनएमएमएस परीक्षा, औसत उपस्थिति, पुस्तकालय की पुस्तकों का वितरण, बोर्ड परीक्षाओं में 4 स्टार एवं फाइव स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाले विद्यालयों का प्रतिशत, उजियारी पंचायत,ज्ञान संकल्प पोर्टल पर विद्यालयों को प्राप्त राशिआदि मानदंडों में श्रेष्ठ प्रदर्शन कर चित्तौड़गढ़ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

# मुनिसुव्रत नाथ जन्म कल्याणक पर निकाली शोभायात्रा

**बांसवाड़ा**, (निसं)। बाहुबली कॉलोनी स्थित मुनिसुव्रत नाथ दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान मुनि सुव्रत नाथ के जन्म एवं तप कल्याणक पर प्रातरू भगवान का अभिषेक एवं शांति धारा की गयी। समाजजनों ने आचार्य वर्धमान सागर संघ के करीब 32 साधु संतो, आर्यिकाओं के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

मंदिर व्यवस्था कमेटी के प्रवक्ता अशोक कोठिया प्रात: भगवान के अभिषेक एवं वृहत शांति धारा के पुण्यार्जक सोधर्म इंद्र बने यशवंत गांधी, अचला गांधी परिवार, नीरव शाह, महिपाल शाह एवं कन्हैयालाल सेठ परिवार रहे। इसके पश्चात श्रीजी को रजत गणधर कुटी में विराजित कर आचार्य संघ के सानिध्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें समाजजन सफेद एवं केसरिया परिधान में भक्ति में नृत्य करते और भगवान के जयघोष लगा रहे थे। शोभायात्रा कॉलोनी के मुख्य मार्ग से होकर सुमति नाथ जैन मंदिर पहुंची



भगवान मुनि सुव्रत नाथ के जन्म एवं तप कल्याणक पर शोभायात्रा निकालते जैन समाजजन।

जहां दोनों तीर्थकर सुमति नाथ एवं मुनिसुव्रत नाथ का भव्य मिलन हुआ जिसको देखकर श्रावक भावुक हो गये और सुमतिनाथ स्वामी हम आये तेरे द्वार हैं भजन की स्वर लहरी गूंज उठी। बाहुबली कॉलोनी समाज की ओर से शोभा यात्रा की जगह-जगह तोरण द्वार सजाकर अगवानी की गयी। दोपहर में आचार्य वर्धमान सागर ससंघ के सानिध्य में मुनिसुव्रत नाथ विधान किया गया। इससे पूर्व अवतरण दिवस की पूर्व संध्या पर मेहंदी एवं भक्ति संध्या का आयोजन किया गया जिसमं सौधर्म इंद्र परिवार का स्वागत किया गयां

सार-समाचार

## इंटक का स्थापना दिवस मनाया

**राजसमंद**, ०(निसं)। स्थापना दिवस जेके ऐम्प्लॉयज यूनियन अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष शंकरलाल जाट के सानिध्य में मनाया गया। सैकडों की संख्या में मजदूरों ने इंटक जिंदाबाद के साथ मजदूर एकता जिंदाबाद के नारे के साथ स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर इंटक जिलाध्यक्ष शंकरलाल चौधरी ने बताया कि 3 मई 1947 के दिन सरदार वल्लभभाई पटेल की अध्यक्षता में इंटक की स्थापना की गई तब से निरंतर प्रगति पर रहते हुए कई नेताओं जिसमें बी चौधरी, कुमार मंगलम, भेरूलाल मीणा, संजीव रेड्डी ने इसका नेतृत्व किया। हमारी यूनियन विश्व की सबसे बडी यूनियन है। इस मौके पर जेके टायर एम्पलाइज यूनियन अध्यक्ष चुन्नीलाल पंचोली ने कहा कि इंटक के नेतृत्व में एक भी मजदूर का शोषण नही होने देंगे न अहित होने दिया जाएगा। मजदूरों के हितों के लिए हम संघर्ष करते हैं और रहेंगे तथा एक शानदार एग्रीमेंट जेके के अंदर लेकर रहेंगे। एग्रीमेंट जल्दी ही सबके सामने आने वाला है। इस दौरान महामंत्री दिनेशसिंह झाला, रोशनलाल खटीक, कालूसिंह, रतनलाल गाडरी, लालसिंह चौहान, जगदीश पालीवाल, दिनेश छापरवाल, गणेश गुर्जर, महेश उपाध्याय, बालू गाडरी, नाथूसिंह, नारायणसिंह झाला, पोखर गाडरी, पूर्णाराम चौधरी, राजेशसिंह, डूंगरमल रेगर सहित उपस्थित थे।

## अखण्ड रामायण पाठ आज

**बांसवाड़ा**, (निसं)। श्रीराम चरित मानस मण्डल के तत्वावधान में दाहोद रोड स्थित बोरवट हनुमान मन्दिर परिसर में आज शनिवार को श्री रामचरित मानस पारायण का अखण्ड पाठ सायं 4 बजे से गणेश वन्दना के साथ प्रारम्भ होगा। इसके अन्तर्गत हनुमान चालीसा पाठ, रूद्राष्टक पाठ भी किया जायेगा। मण्डल प्रचार प्रसार मंत्री नलिनीकान्त चौबीसा ने बताया कि मानस पारायण में मण्डल के महेश पंचाल, अमृतलाल पंचाल, राजेन्द्रप्रसाद कुलश्रेष्ठ, विनोदप्रसाद जोशी, दिनेश उपाध्याय, नरहरिकान्त भट्ट, नलिनीकान्त चौबीसा, रमाकान्त जोशी, दीपक पुरोहित, जगदीश शर्मा, केशव पंचाल, अशोक पंचाल, नारायणलाल जोशी, भरत शर्मा, नन्दलाल शर्मा, शंकरलाल अग्रवाल, शैलेष श्रीमाल, होशीलाल पंचाल, प्रदीप द्विवेदी, जगदीश पंचाल एवं मण्डल के अन्य सदस्य श्रद्धालुजन सहयोग प्रदान करेंगे। प्रभारी नलिनीकान्त चौबीसा ने बताया कि इस पारायण के मुख्य यजमान रमणलाल गर्ग एवं उनके परिजन संचालन करेंगें। पारायण की पूणाहूति रविवार को दोपहर 12 बजे भक्ति संगीत और प्रभु कीर्तन के आयोजन के उपरान्त महाआरती के साथ होगी।

## भावसार समाज ने दिया ज्ञापन

**बांसवाड़ा**, (निसं)। वागड क्षेत्रीय भावसार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कोतवाली थानाधिकारी को ज्ञापन देकर गंगादास की बाडी श्री हनुमान मंदिर चन्द्रपोल के बाहर तोडफोड एवं शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। इन लोगों ने बताया कि गंगादास की बाडी श्री हनुमान मंदिर के मुख्य द्वार पर समाज-ट्रस्ट की ओर से मंदिर में साफ-सफाई रखने एवं आवश्यक निर्देश के फ्लेक्स एवं बैनर लगाये गये थे। जिसे पंकज वैष्णव ने हटा दिये। इतना ही नहीं पुजारी विजय वैष्णव से पता चला कि भावसार समाज की कुलदेवी हिंगलाज की तस्वीर एवं प्रतिमा भी पंकज ने बिना किसी के जानकारी और सूचना के मनमाने तरीके से हटा दी। इन लोगों ने बताया कि मंदिर में लगभग 25 समाजजन गये तो पंकज वैष्णव ने मंदिर से बाहर निकलो और गाली-गलौच करते हुए अभद्रता की वहीं समाजजनों के हाथ-पैर तोड देने की धमकी दी। अतरू उसके विरुद्ध कार्यवाही की जाये। ज्ञापन देने वालों में समाज अध्यक्ष महेश भावसार, परमेश्वर, जनक, दीपक, यशवंत, जगदीश, मनीष आदि प्रमुख रहे।

## बाल विवाह पोस्टर का विमोचन

**बांसवाड़ा**, (निसं)। बेणेश्वर लोक विकास संस्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन द्वारा जारी बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के पोस्टर का विमोचन जिला कलक्टर इन्द्रजीत यादव ने किया। फाउंडेशन बेणेश्वर लोक विकास संस्थान के साथ मिलकर बाल अधिकारो को सुनिश्चित करने के लिए एक परियोजना इन्शोर एक्सेस टू जस्टिस फोर चिल्ड्रन को क्रियान्वित कर रहा है। जिसके माध्यम से बाल विवाह बालश्रम, बाल तस्करी व यौन शोषण से पीडित बच्चों को त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए संस्था प्रयास कर रही है। इसी के अन्तर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आगामी आने वाली अक्षय तृतीया आखातीज पर बाल विवाह आयोजनों पर प्रभावी रोकथाम के लिए पोस्टर का विमोचन किया गया। इस अवसर पर एडीएम अभिषेक गोयल, आयुक्त नगर परिषद सोहेल शेख, गोपाल पंड्या, परियोजना अधिकारी धर्मेश भारद्वाज, प्रांजल शाह, एडवोकेट कुलदीप आचार्य मौजूद रहे। बेणेश्वर लोक विकास संस्थान ने कलेक्टर को विगत वर्ष में किये गए कार्यो की जानकारी देते हुए आगामी कार्य योजना से भी अवगत कराया।

## पुलिया से नीचे उतरी बाइक

**बांसवाड़ा**, (निसं)। कराणा घाटी में एक बाईक सवार पुलिया से लगभग दस फीट नीचे उतर गया। बताया जाता है कि गुरुवार रात्रि को घाटोल के लखेरिया का रहने वाला बापूलाल डामोर खेरवाडा से वापस अपने घर आ रहा था। रात के समय अंधेरा होने से तेज रफ्तार से आती हुई बारिश पुलिया से नीचे उतर गयी। जिससे बापुलाल गिरकर घायल हो गया। रात के समय अंधेरा होने के कारण कोई उसे देख नहीं पाया। सुबह एक युवक ने इसकी जानकारी लोहारिया थाना पुलिस को दी। ए

## विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले के समस्त अंग्रेजी माध्यम के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके तहत शहर के वार्ड नंबर एक के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नंबर पांच राजपुर में कक्षा नर्सरी से कक्षा छठी तक के लिए अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश प्रक्रिया 6 मई से प्रारंभ होगी। प्रधानाध्यापक नरेंद्र कुमार जैन ने बताया कि विद्यालय में कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी व पहली से छठी कक्षा तक अंग्रेजी व कक्षा सातवीं व आठवीं में हिंदी माध्यम से अध्ययन करवाया जायेगा।

# आकोदडा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**राजसमंद**, (निसं)। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आकोदडा का औचक निरीक्षण किया तथा वहां उपस्थित स्टॉफ को संस्थान पर संस्थागत प्रसव के लिए निर्देशित किया साथ ही उन्होंने चिकित्सा अधिकारी के पद रिक्त होने के बावजूद बाकी सभी व्यवस्थायें सुनियोजित पायें जाने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं पैरामेडिकल स्टॉफ

- मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सजग एवं सर्तक रहने के दिए निर्देश

की प्रशंसा की।

इस अवसर पर सीएमएचओ ने वहां हीट वेव को लेकर लू- तापघात एवं अन्य गर्मीजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक दवाईयों, वार्ड में मरीजो की सुविधा के लिए पर्याप्त संसाधनों, मरीज एवं उनके परिजनो के लिए शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था के साथ ही आवश्यक चिकित्सकीय प्रबंधन को देखा तथा वहां दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने वहां कार्यरत लेब टेक्नीशियन



सी.एम.एच.ओ. डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आकोदडा का जायजा लिया।

को कार्य में और अधिक गुणवत्ता के लिए नाथद्वारा जिला चिकित्सालय में सप्ताह में तीन दिन कार्य नियोजन के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ हेमन्त ने वहां मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक संसाधनो एवं क्षेत्र में एन्टीलार्वा गतिविधियों को लेकर स्टॉफ के साथा चर्चा की तथा मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए सजग एवं सर्तक रहने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने आशा सहयोगिनीयों के माध्यम से ड्राई डे गतिविधि में आमजन की सहभागिता सुनिश्चित कर सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए निर्देशित किया तथा सैक्टर स्तर से भेजी जाने वाली रिपोर्ट समय पर संकलित करने के लिए कहा। इस दौरान एलएचवी रायवन्ती अहारी, नर्सिंग ऑफिसर केसर रेगर, एएनएम सुनिया वडखिया, जीएनएम गीता सोनगरा, लेब टेक्निशियन हरीश पायक एवं फार्मासिस्ट संजय पुर्बिया सहित उपस्थित थे।

## राउमावि अमरथुन में प्रवेशोत्सव प्रारम्भ

**बांसवाड़ा**, (निसं)। राउमावि अमरथुन में प्रवेशोत्सव के अन्तर्गत ग्राम पंचायत के ग्यारह वार्डो में 2 सीनियर सेकेंडरी स्कूल और 8 राप्रावि एवं 3 आगनवाडी, 1 मां बाडी केंद्र में नवीन शैक्षिक सत्र 2024- 25 में राजकीय विद्यालय में प्रवेशोत्सव के तहत रैली निकालकर घर-घर जाकर हाऊस होल्ड सर्वे की शुरूआत पीईओ अरुण व्यास के नेतृत्व में की गई। मुख्य अतिथि मॉडल स्कूल घाटोल के संस्था प्रधान डॉ. नितेश वैष्णव ने झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

प्रारम्भ में प्रवेशोत्सव प्रभारी कचरुलाल चरपोटा ने अभिभावकों से सम्पर्क कर विद्यालय के शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम सहित विज्ञान एवं कृषि विज्ञान संकाय व व्यावसायिक शिक्षा और कला संकाय की उपलब्धियों की जानकारी दी। वरिष्ठ अध्यापक खुशपाल कटारा ने विभिन्न वार्डो में स्थापित राप्रावि हांडिया पाडा, उपला पाडा, भौम पाडा, खेडलीपाडा, ग्वालमाता, गुलाबपुरा, कोठारिया पाडा, आम्बा पाडा सहित कला संकाय राउमावि भवर वोड में और विज्ञान संकाय, कृषि संकाय राउमावि अमरथुन में प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी। इसके अलावा तीन आगनवाडी में अमरथून, भोंमपाडा, भवरवोड ओर मां बाडी केंद्र ग्वालमाता में नवीन प्रवेश प्रक्रिया शुरू होने की जानकारी दी।

# मैत्री क्रिकेट मैच में न्यायिक ऑफिसर्स टीम विजयी



क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते न्यायिक अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण।

**राजसमंद**, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित जेके स्टेडियम में गुरूवार को आयोजित क्रिकेट मैच में राजसमंद न्यायिक ऑफिसर्स टीम विजयी रही। जिला प्राधिकरण सचिव मनीष कुमार वैष्णव ने बताया कि जिला मुख्यालय पर न्यायिक अधिकारीगण के स्थानांतरण पर आयोजित इस क्रिकेट मैच में ऑफिसर्स टीम एवं न्यायिक कर्मचारीगण ने भाग लिया।

ऑफिसर्स टीम के कप्तान जिला न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल एवं उप कप्तान पवन जीनवाल एवं न्यायिक कर्मचारीगण के कप्तान दीपक मैनेजर एवं उप कप्तान मनीष जैन थे। पहले बैटिंग करते हुए ऑफिसर्स ने 15 ओवर में 126 रन बनाए, जबकि न्यायिक कर्मचारीगण टीम 15 ओवर में 1०6 रन ही बना सकी। ऑफिसर्स टीम 2० रन से विजयी रही। ऑफिसर्स टीम की तरफ से पहले बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक रन अपर जिला न्यायाधीश पवन जीनवाल ने बनाए। उन्होंने सात चौके और एक छक्के की मदद से कुल 42 रन का निजी स्कोर बनाया। प्रेम प्रकाश जीनगर दूसरे छोर पर विकेट रोके खडे रहे। टीम में अन्य खिलाडी जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेन्द्र काछवाल ने नाबाद 13 व मनीष कुमार वैष्णव ने नाबाद 9 रन बनाए। कर्मचारी टीम की ओर से मनीष जैन ने 2 व यतीन्द्र ने 1 विकेट झटका। ऑफिसर्स टीम ने बॉलिंग में दबदबा दिखाते हुए जिला एवं सेशन न्यायाधीश ने अपना जलवा दिखाते हुए शुरूआत में ही तीन विकेट झटककर विपक्षी टीम की कमर तोड दी। ऑफिसर्स टीम की ओर से प्रेम प्रकाश जीनगर ने एक विकेट लिया। न्यायिक अधिकारी यतीन्द्र व प्रमोद वैष्णव तथा कर्मचारीगण वैभव मिश्रा का भी अच्छा प्रदर्शन रहा। न्यायिक ऑफिसर्स की टीम में न्यायिक अधिकारी संतोष कुमार मित्तल, प्रेमप्रकाश जीनगर, विजय टांक व कर्मचारी टीम में मोहित शर्मा, सुनील भास्कर सहित अन्य खिलाडी मौजूद थे।